# सराहनीय कार्य

## इटावा पुलिस

***प्रेस नोट- दिनांक 14.11.2023***

**आपसी वर्चस्व के लिए कोहिनूर व्हाट्सप्प ग्रुप का संचालन कर  नवयुवकों को भ्रमित करने वाले अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

**कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस किया गया बरामद।**

**अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में *सैफई पुलिस* द्वारा की गयी कार्यवाही।**

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-**

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में 13.11.2023  की रात्रि को  थाना सैफई पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि असामाजिक तत्व के दो गुटों द्वारा **भौकाल व कोहिनूर व्हाट्सएप ग्रुप** का संचालन कर नवयुवकों को भ्रमित कर जोड़ रखा है, जिनके मध्य आपसी वर्चस्व को लेकर विवाद एवं तनाव चल रहा है तथा आये दिन दोनों गुट के लोग अपना-अपना भय बनाने के हेतु फायरिंग कर जनता के लोगो मे भय व तनाव व्याप्त करते रहते है। प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर उक्त **कोहिनूर  व्हाट्सएप ग्रूप** से संबंधित अभियुक्त पंकज कुमार को थाना सैफई पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान **सैफई हवाई पट्टी के पास से समय 22.35 बजे** गिरफ्तार किया गया।

**पुलिस पूछताछ:-**

गिरफ्तार अभियुक्त की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर तथा 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

**उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सैफई पर मु0अ0सं0 245/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है।**

**नोट:- उक्त कोहिनूर व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्य लउआ उर्फ़ पवन पुत्र रामाधार निवासी सीसिया थाना सैफई को दिनांक 06.11.2023 को अन्तर्गत धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।**

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. पंकज कुमार पुत्र श्री विशम्भर सिंह निवासी नगला सीसिया थाना  सैफई जनपद इटावा उम्र 24 वर्ष।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 245/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा

**आपराधिक इतिहास:-**

1. मु0अ0सं0 242/23 धारा 336,504,506 भादवि थाना सैफई जनपद इटावा।
2. मु0अ0सं0 245/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा

**बरामदगी:-**

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर
2. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

**पुलिस टीम-** निरीक्षक श्री मो0 कामिल प्रभारी थाना सैफई, संत कुमार कुन्तल, का0 अनुराग, का0 अनिकेत विश्वकर्मा।